पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2021-23 प्रकाशित 01.08.2023 इस अंक का मूल्य 2 रूपये

॥ ओ३म् ॥



# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-*110007*, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**दानदाताओं से अपील**

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु खाता संख्या 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया, घन्टाघर, दिल्ली–110007, आई. एफ. एस.कोड - SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. 9868051444 पर एस.एम.एस कर दें या 9958889970 पर Paytm कर दें। – अनिल आर्य

वर्ष-40 अंक-05 श्रावण-2080 दयानन्दाब्द 200 01 अगस्त से 15 अगस्त 2023 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

प्रकाशितः 01.08.2023, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

# युवा संस्कार अभियान चलाएगा आर्य समाज

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

### युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाएंगे–राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य



रविवार 30 जुलाई 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् की राष्ट्रीय कार्यकारिणी व अन्तरंग सभा की बैठक आर्य समाज अशोक विहार, दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में श्रावणी पर्व पर 12 अगस्त से 27 अगस्त 2023 तक युवा संस्कार अभियान चलाने के अंतर्गत यज्ञ,भजन प्रवचन के साथ दस हजार युवाओं को यज्ञोपवीत धारण करवाया जाएगा। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आर्य युवक परिषद् युवाओं के चरित्र निर्माण के लिये युवा संस्कार अभियान चलायेगी, मिशन 25 के अन्तर्गत 12 से 25 वर्ष तक के लगभग 10,000 युवाओं को यज्ञोपवीत धारण करवाया जायेगा।यज्ञ,भजन व वैदिक विद्वानों के प्रवचन होंगे। जिससे नयी युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति से परिचित हो सके।आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की और अग्रसर हो रही है उन्हें अपनी गौरव शाली संस्कृति से परिचय करवाया जाए जिससे वह अपनी संस्कृति पर गर्व कर सकें। उन्हे मातृ पितृ भक्त,ईश्वर भक्त, देश भक्त बनाने के संस्कार दिए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि यज्ञ समर्पण का दूसरा नाम है यज्ञ स्वयं जल कर प्रकाश करने का नाम है यह त्याग बलिदान की प्रेरणा देता है। वैदिक विद्वान प्रेम पाल शास्त्री ने कहा कि युवाओं को सुसंस्कारित करने के पश्चात उनकी निगेहबानी भी करें,आर्य समाज के साथ जोड़े। मेट्रोपोलेटिन मजिस्ट्रेट श्री ओम सपड़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा आर्य समाज के पास सिद्धांतों की कमी नहीं है, आवश्यकता है उसे जन जन तक पहुंचाने की। गाजियाबाद में राजेन्द्र नगर, इन्द्रापुरम,दयानन्द नगर सहित एनसीआर में लगभग 100 विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर आर्य नेता अशोक शास्त्री (हरियाणा), अमर सिंह आर्य, दुर्गेश आर्य, भोपाल सिंह आर्य, नेत्रपाल आर्य, विक्रान्त चौधरी, सन्तोष शास्त्री, सोनिया संजू, देवदत्त आर्य, राधा कांत शास्त्री, मास्टर विजेंद्र जी, सुरेश आर्य, रवि राणा, के.एल राणा, कमल आर्य (नोएडा), सुरेश प्रसाद गुप्ता, त्रिलोक शास्त्री, दुर्गेश आर्य, धर्म पाल आर्य, यशोवीर आर्य, आर्य नेत्री राज रानी अग्रवाल, दशरथ भारद्वाज, राधा भारद्वाज, राम कुमार आर्य, वीरेन्द्र योगाचार्य, कंवर पाल शास्त्री, देवेन्द्र शास्त्री, अरूण आर्य, सीमा ढींगरा, प्रकाशवीर शास्त्री, डालेश त्यागी, राधाकान्त शास्त्री, शिशुपाल आर्य आदि ने भी अपने विचार रखे। मंच का कुशल संचालन राष्ट्रीय मंत्री डी.के भगत ने किया। शांतिपाठ एवं ऋषि लंगर के साथ बैठक सम्पन्न हुई।








## आर्य नेता अनिल आर्य की समस्त आर्य जगत से अपील:—

# श्रावणी पर्व पर युवा संस्कार अभियान चलायें और मिशन-25

यानि 12 से 25 वर्ष तक के युवाओं को जोड़ने के लिये यज्ञ, भजन, प्रवचन के साथ साथ यज्ञोपवीत संस्कार करवायें

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के कार्यक्रम अपने निकट वाले में सम्मिलित हो

1. **शनिवार, 12 अगस्त 2023,** प्रातः 8.30 बजे,आर्य समाज,गुड़मण्डी,उत्तरी दिल्ली, संयोजकः वीरेन्द्र आहुजा—9910715716
2. **शनिवार, 12 अगस्त 2023,** प्रातः 10 बजे,टी.पी.डी.डी.एल.सेन्टर,पी—4, जगदम्बा मार्केट, सुलतानपुरी, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, संयोजकः राधा भारद्वाज—9868026472
3. **शनिवार, 12 अगस्त 2023,** प्रातः 9 बजे, डी.ए.वी.गर्ल्स हाई स्कुल, कर्णताल, करनाल, हरियाणा, संयोजकः स्वतन्त्र कुकरेजा— 9813041360
4. **रविवार, 13 अगस्त 2023,** प्रातः 8 बजे, आर्य समाज, हापुड़, उ.प्र, संयोजकः आनन्दप्रकाश आर्य—9837086799
5. **रविवार, 13 अगस्त 2023,** प्रातः 9 बजे, आर्य समाज, महावीर नगर, पश्चिमी दिल्ली, संयोजकः दिनेश आर्य—9213637558
6. **रविवार, 13 अगस्त 2023,** प्रातः 9 बजे, समर्पण शोघ संस्थान, सेक्टर—5, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, संयोजकः सुरेश आर्य—9810189585
7. **रविवार, 13 अगस्त 2023,** प्रातः 9 बजे, आर्य समाज, वजीरपुर, जे.जे कालोनी, उत्तरी दिल्ली, संयोजकः सन्तोष शास्त्री—9868754140
8. **रविवार, 13 अगस्त 2023,** प्रातः 8.15 बजे, आर्य समाज,नगर शाहदरा,पूर्वी दिल्ली, संयोजकः राजीव कोहली—8700739759.
9. **रविवार, 13 अगस्त 2023**, प्रातः 8 बजे,आर्य समाज, सन्देश विहार, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, संयोजकः विजेन्द्र आनन्द—9810024099
10. **रविवार, 13 अगस्त 2023**, प्रातः 9 बजे, मानव निर्माण केन्द्र, नांगलोई विस्तार, पश्चिमी दिल्ली, संयोजकः भोपाल सिंह आर्य—9650781166
11. रविवार, 13 अगस्त 2023, प्रातः 10 बजे, आर्य समाज, नरेला, दिल्ली देहात, संयोजकः एस.पी.जूनः 9999180615
12. **रविवार, 13 अगस्त 2023**, सायं 3 बजे, डी—1/330, गली—3, एम.आई.जी.फलेट, अशोक नगर, पूर्वी दिल्ली, संयोजकः सोनिया सन्जु—9643875121.
13. **रविवार, 13 अगस्त 2023,** प्रातः 9 बजे, ग्राम वहरावद, अलीगढ़,उ.प्र.संयोजकः कमल आर्य—8130204904
14. **रविवार, 13 अगस्त 2023,**प्रातः 9 बजे,के.वी.स्कुल, अन्तालब, जम्मू,संयोजकः कपिल बब्बर—9906232397
15. **रविवार, 13 अगस्त 2023,**प्रातः 8 बजे,आर्य समाज,आनन्द विहार,पूर्वी दिल्ली
16. **रविवार, 13 अगस्त 2023**,प्रातः 8 बजे,आर्य समाज, बैंक एनक्लेव,पूर्वी दिल्ली, संयोजकः जगदीश पाहुजाः 9811557691
17. **सोमवार, 14 अगस्त 2023,**प्रातः 8 बजे,आर्य समाज,राम विहार, लोनी, उ.प्र. संयोजकः विनोद आर्य—7827867059
18. **सोमवार, 14 अगस्त 2023**, प्रातः 9 बजे, महाराण प्रताप आई.टी.आई, घेसपुर, यमुना नगर, हरियाणा, संयोजकः सौरभ आर्य— 9813739000
19. **मंगलवार, 15 अगस्त 2023,** प्रातः 9 बजे, आर्य समाज, कबीर बस्ती, उत्तरी दिल्ली, संयोजकः रामचन्द्र सिंहः 9289357210
20. **मंगलवार, 15 अगस्त 2023,** प्रातः 10 बजे, मकान न. 16, सैनिक एनक्लेव विस्तार, सेक्टर—3, तिरंगा चौक, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, पश्चिमी दिल्ली, संयोजकः मानवेन्द्र शास्त्री—9213326949
21. **मंगलवार, 15 अगस्त 2023**,सायं 3 बजे,आर्य समाज, सूर्य निकेतन, पूर्वी दिल्ली, संयोजकः सुदेशवीर आर्या—9717078490
22. **बुधवार, 16 अगस्त 2023,** प्रातः 9 बजे, आर्य समाज, माडल टाउन, सोनीपत, हरियाणा, संयोजकः अर्जुनदेव दुरेजा—9896677667
23. **बुधवार, 16 अगस्त 2023,** प्रातः 9 बजे, श्रद्धा मन्दिर स्कुल, सेक्टर—87, फरीदाबाद, हरियाणा, संयोजकःडा.गजराजसिंह आर्य—9213771515.
24. **वीरवार, 17 अगस्त 2023,** प्रातः10 बजे, विजय हाई स्कुल, सिक्का कालोनी, सोनीपत, हरियाणा, संयोजकः जितेन्द्र चावला—9812554123.
25. **शुकवार, 18 अगस्त 2023**, प्रातः 11 बजे, आर्य समाज,उत्तम नगर, पश्चिमी दिल्ली,संयोजकः अमरसिंह आर्य—9312857709
26. **शुकवार, 18 अगस्त 2023,** प्रातः 9 बजे, कमला नेहरू पब्लिक स्कुल, संजय कालोनी, फरीदाबाद, संयोजकः ज्योति आर्या—9818699097.
27. **शनिवार, 19 अगस्त 2023,** प्रातः 10 बजे, वी.टी.सेन्टर, टी.पी.डी.डी.एल, ग्राम जौन्ती, दिल्ली देहातः संयोजकः दशरथ भारद्वाज—9250601783.
28. **शनिवार, 19 अगस्त 2023,** शाम 5 बजे, आर्यन क्लासेज, गली न.5, विश्वास नगर, पूर्वी दिल्ली,संयोजकः महेश भार्गव—9711086251
29. **शनिवार, 19 अगस्त 2023,** प्रातः 9 बजे,डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कुल, करनाल, हरियाणा,संयोजकः अजय आर्य—9416128075
30. **शनिवार, 19 अगस्त 2023,** प्रातः 9 बजे,निधि पब्लिक स्कुल,भारत नगर, फरीदाबाद
31. **रविवार, 20 अगस्त 2023,** प्रातः 8 बजे,संन्यास आश्रम, दयानन्द नगर, गाजियाबाद,संयोजकः प्रवीन आर्य— 9911404423
32. **रविवार, 20 अगस्त 2023,** प्रातः 10 बजे,टीनु पब्लिक स्कुल,संगम विहार,दक्षिण दिल्ली,संयोजकः रामफल खर्ब—9999162077
33. **रविवार, 20 अगस्त 2023**, प्रातः 9 बजे,ग्राम नादौन,हाथरस,उ.प्र.
34. **रविवार, 20 अगस्त 2023**, प्रातः 8 बजे, आर्य समाज,देव नगर,मध्य दिल्ली, संयोजकः सुशील बाली—9811213138
35. **रविवार, 20 अगस्त 2023**, सायं 3 बजे,आस्था लेन न.2,ज्ञान खण्ड,इन्दिरा पुरम,उ.प्र.,संयोलकः यज्ञवीर चौहान:9810493055
36. **रविवार, 20 अगस्त 2023**, प्रातः 8 बजे,आर्य समाज, सैक्टर—15, फरीदाबाद, संयोजकः अंकित आर्य—9654822939
37. **रविवार, 20 अगस्त 2023,** प्रातः 7.30 बजे,राजकीय उच्च विद्यालय, बिरौली,जीन्द,हरियाणा,संयोजकः सूर्यदेव आर्य—9416715537
38. **रविवार, 20 अगस्त 2023**,प्रातः 9 बजे,आर्य समाज,जानीपुर कालोनी,जम्मू, संयोजकः रूही बब्बर—9596869072
39. **बुधवार, 23 अगस्त 2023**, प्रातः 9 बजे,रोटरी पब्लिक स्कुल, सैक्टर—19, फरीदाबाद,संयोजकः वीरेन्द्र योगाचार्य—9350615369
40. **वीरवार, 24 अगस्त 2023**, प्रातः 9 बजे,श्रीराम पब्लिक स्कुल,खेड़ी कलां,फरीदाबाद
41. **शनिवार, 26 अगस्त 2023**, प्रातः 9 बजे,न्यू जान एफ कैनेडी पब्लिक स्कुल,पल्ला,फरीदाबाद, विद्या भूषण आर्य—9999108200

**आयोजन समिति—यशोवीर आर्य** (9312223472), **महेन्द्र भाई** (9013137070), **ओम सपरा** (9818180932), **गवेन्द्र शास्त्री** (9810884124), **देवेन्द्र भगत**(9958889970), **दुर्गेश आर्य** (9868664800), **रामकुमारसिंह आर्य** (9868064422), **धर्मपाल आर्य** (9871581398), **अरूण आर्य** (9818530543), **वेदप्रकाश आर्य** (9810487559), **हरिचन्द स्नेही** (8168715284), **सौरभ गुप्ता** (9971467978)

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् द्वारा कोरोना काल में भी 561वां वेबिनार सम्पन्न

# 'साधना के सोपान' विषय पर गोष्ठी सम्पन्न

### ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं संन्यास आश्रम ही सोपान है – अनिता रेलन




सोमवार, 24 जुलाई 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में 'साधना के सोपान' विषय पर ऑनलाईन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 560वां वेबिनार था। वैदिक विदुषी अनिता रेलन ने कहा कि जीवन आस्था है,शक्ति है,अभिव्यक्ति है,साधना है,जीवन यज्ञ है।उसी जीवन को सार्थक बनाने के लिए हमारे ऋषियों द्वारा चार वर्णाश्रमों का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया पहला आश्रम ब्रह्मचर्य आश्रम,मन वचन कर्म से समस्त इंद्रियों का संयम करना उन्होंने बताया कि ब्रह्मचर्य की साधना के लिए साधक को अपने भोजन पर भी विचार करना चाहिए।जैसा खाएंगे अन्न वैसा बनेगा मन सात्विक भोजन हमारी साधना का आधार है,दूसरा आश्रम गृहस्थ जीवन में प्रवेश के लिए विवाह होना आवश्यक है जिसका अभिप्राय है एक दूसरे के उत्तरदायित्व को वहन करना विवाह जीवन का केन्द्रीकरण है मनुष्य भोग विलासिता भौतिक सुखों में ना खोया रहे उसके लिए तीसरे आश्रम का वर्णन किया गया वानप्रस्थाश्रम अर्थात दुनियां में रहो किंतु धीरे–धीरे उससे ऊपर उठना शुरू कर दो इन तीनों आश्रमों से गुजरने के बाद अंतिम आश्रम आता है सन्यास जो मानव जीवन का चरम शिखर है जिसे मोक्ष की संज्ञा भी दी गई है आवागमन के बंधन से मुक्त होना उन्होंने इस विषय पर कई दृष्टांत भी बताए कुछ कुछ उदाहरणों के द्वारा चारों आश्रमों की अवस्थाओं के बारे में वर्णन किया विवेकानन्द जी की पुस्तक राजयोग के साथ योग के उद्धरण के साथ भगवान बुद्ध के उदाहरणों के साथ उन्होंने इस विषय पर गंभीरता से अपने विचार रखे।साधना के सोपान अर्थात आत्मा उन्नति हमारा पहला सोपान है आत्म शोधन बहुत जरूरी है परहित की भावना को लेते हुए उन्होंने बताया मानव जीवन का दूसरा सोपान यही सेवा है जहां से शुरू होता है तीसरा सोपान अपनी उस सेवा की परिधि को विस्तार देना भगवान बुद्ध ने जीवन जीने की कला सिखाई। बस आवश्यकता है अपने मन को जगाने की इस सोपान के बाद मानव उस सोपान पर चढ़ता है जिससे उसका समस्त ब्रह्मांड के साथ एकात्मक स्थापित हो जाता है।तुलसीदास जी की रामचरितमानस का उदाहरण देते हुए परहित सरिस धर्म नहिं भाई पर पीड़ा सम नहीं आदिमाई यह भी आगे बताया गया है।आज मानव उपरोक्त मंत्र को भूल चुका है दुखों को आमंत्रित कर रहा है चारों और दूषित वातावरण पनप रहा है उन्होंने बताया है जीवन के धर्म के सोपान हमारे समक्ष खोलें यदि आंख खोल कर उस पर चढ़ना शुरू कर दें तो हमारा अपना हमारे समाज का और दुनियां का कायाकल्प हो सकता है।निष्कर्ष के तौर पर केन्द्रीय मन को तीक्ष्ण करती है विश्राम मन को विस्तृत इनका संतुलन पूर्णता लाता है तभी दिव्यता का उदय होता है।विस्तृत चेतना है शांति और आनंद केन्द्रित चेतना है प्रेम और सृजनशीलता।केन्द्रीय चेतना का एक बिंदु जीवात्मा है इस पर ध्यान देना ही साधना है साधना के इन सोपानों को पार करना ही आध्यात्मिकता का चरम बिंदु है। मुख्य अतिथि आर्य नेत्री विजय खुल्लर व रजनी गर्ग ने इस विषय पर प्रकाश डालते हुए जीवन यात्रा को निर्लेप रहकर पूरा करने का आह्वान किया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया। गयिका प्रवीणा ठक्कर, रविन्द्र गुप्ता, सुनीता अरोड़ा, जनक अरोड़ा, कमला हंस आदि के मधुर भजन हुए।

# 'हिन्दू धर्म में भ्रांतिया और निवारण' पर गोष्ठी सम्पन्न

### ए मनुष्य तू कर्म प्रधान बन –डॉ. डी के गर्ग (अध्यक्ष, ईशान इंस्टीट्यूट नोएडा)



शुक्रवार 14 जुलाई 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में 'हिन्दू धर्म में भ्रांतिया और निवारण' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 557 वां वेबिनार था। वैदिक प्रवक्ता डॉ. डी के गर्ग ने कहा कि अधिकतर पाखण्ड मोक्ष व पाप से मुक्ति दिलाने के लिए होते हैं जो उचित नहीं है।व्यक्ति को जीवन में उन्नति के लिए कर्म करना ही पड़ेगा इसलिए भाग्यवादी न बनें।हमारे रामायण महाभारत में भी मिलावट कर दी गई है जिसके शुद्ध स्वरूप को सामने लाने की आवश्यकता है। महर्षि दयानंद के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम और श्री कृष्ण हमारे आदर्श है उन्होने जीवन पर्यन्त कोई बुरा काम नहीं किया।आज कथा वाचकों ने लच्छे दार किस्से सुनाकर अपने महान पुरुषों को बदनाम करने का कार्य किया है और हिन्दू धर्म को विभिन्न हिस्सों में बांट दिया है। ईश्वर जीव प्रकृति तीन सनातन सत्तायें हैं।ईश्वर सर्वशक्तिमान है वह अवतार नहीं लेता,शरीर धारी न होने के कारण उसका चित्र बन ही नहीं सकता यही वैदिक चिन्तन है। इसलिए निराकार ईश्वर की उपासना करनी चाहिए। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अंधविश्वास पाखण्ड से दूर रहना चाहिए और एक ईश्वर की उपासना करनी चाहिए उस ईश्वर का निज नाम ओ३म् है उसका स्मरण करना चाहिए। मुख्य अतिथि आर्य नेता अरुण आर्य व अध्यक्ष जगदीश पाहुजा ने भी अपने विचार रखते हुए सर्वशक्तिमान परमेश्वर की सत्ता पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा संसार में तीन सताएं सदा से थीं,हैं और रहेंगी।ईश्वर,जीव और प्रकृति।प्रकृति सत्य,जीव सत्य और चेतन,ईश्वर सतचिद्दानंद स्वरुप है,जीव को यदि आनन्द चाहिए तो ईश्वर की शरण में जाने से मिलेगा। गायिका सुदेश आर्या, प्रवीणा ठक्कर, रविन्द्र गुप्ता, रचना वर्मा, विजय खुल्लर, कुसुम भण्डारी, सरला बजाज, आदर्श सहगल, रजनी कपूर, चन्द्र कांता गेरा आदि के मधुर भजन हुए।

**जहां होता है भरपूर काम और प्रभु का गुणगान आर्य युवक परिषद् है उसका नाम**

# 'श्रावण मास की सार्थकता' पर गोष्ठी सम्पन्न

### सत्य कर्म कर सन्मार्ग के पथिक बनें –दर्शनाचार्या विमलेश बंसल



सोमवार 15 जुलाई 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में 'श्रावण मास की सार्थकता' विषय पर ऑनलाईन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 558 वां वेबिनार था। वैदिक विदुषी विमलेश बंसल दर्शनाचार्या ने कहा कि श्रावण में श्रुति के श्रवण मनन निदिध्यासन हेतु कुछ व्रत लिए जाएं,संकल्प किए जाएं जैसा कि हमारे महान पुरुष व्रत लेकर समाज राष्ट्र के उत्थान हेतु उद्यम करते आए हैं। सत्य सनातन वैदिक संस्कृति के प्रचार प्रसार हेतु तन मन धन से सभी आर्य जन अपनी योग्यतानुसार नगर नगर,गांव गांव में भ्रमण करें जिससे समाज में आई विकृतियां,अंधविश्वास, पाखंड के शोर मचाते गड़गड़ करते काले बादल छंट सकें और सत्य विद्या के बरसने वाले घनघोर रिमझिम करते बादल बरस कर सबको हरियाली से भर सकें।श्रावण मास में कल्याणकारी परमपिता परमेश्वर की शिव भक्ति शुद्ध ज्ञान पर आधारित हो,हम ऐसी कांवड़ बनें जिससे श्रवण जैसी मातृ पितृ भक्ति परिलक्षित हो,पंचमहायज्ञ की पालना करते हुए सुदूर स्थानों से आए संन्यासी महात्माओं विद्वानों ज्ञानियों द्वारा गृहस्थी जन शुद्ध वेदों का ज्ञान लें तथा अतिथि सेवा कर स्वयं को कृतार्थ करें।यज्ञों में यज्ञोपवीत धारण करना अनिवार्य हो, रक्षाबंधन पर्व हो वा नागपंचमी जैसी लोक प्रचलित प्रांतीय परम्परा हो सभी पर्व उत्सवों के पीछे समाज और राष्ट्र की सुरक्षा की भावना,प्रेरणा निहित है।सभी पर्व सामाजिक समरसता,प्रेम सौहार्द्र,हर्ष प्रेरणा हेतु ही मनाने आते हैं,हमें इन पर्वों में छुपे गहरे वैज्ञानिक,सामाजिक,धार्मिक संदेश को वेद की दृष्टि से समझते हुए धूमधाम से मनाना चाहिए, आई विकृतियों को दूर कर प्रकृति को सुरक्षित,संरक्षित,संवर्धित करने हेतु प्रयास करना चाहिए तथा समस्त संक्रमण,बीमारी,रोग चाहे विचारों का हो वा शरीर का हो वा पर्यावरण का,सपरिवार याज्ञिक,वैदिक,धार्मिक बनकर अवश्य दूर करना चाहिए।तथा वेद स्वाध्याय द्वारा स्वयं व अन्यों की उन्नति करते हुए श्रावणी मास में सत्कर्म कर सद्मार्ग के पथिक बनें तभी श्रावण मास की सार्थकता सिद्ध होगी। मुख्य अतिथि शिक्षा विद चन्द्रकांता गेरा व अध्यक्ष रजनी चुघ ने भी अपने विचार रखे। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आर्ष ग्रंथों के स्वाध्याय से जीवन निर्माण हो सकता है। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आर्य जगत की 24वें कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि

### भारतीय सेना का बलिदान सदियों तक प्रेरणा देगा–राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य
### हमें भारतीय सेना पर गर्व है– प्रवीण आर्य




बुद्धवार, 26 जुलाई 2023,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में 24 वें कारगिल विजय दिवस पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन कर कारगिल के भारतीय सेना के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि कारगिल युद्ध की बलिदान गाथा सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं भारतीय सेना का यह बलिदान आने वाली पीढ़ी को सदियों तक प्रेरणा देता रहेगा। आज हमारे ओजस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश महाशक्ति बनने की ओर निरन्तर अग्रसर हो रहा है साथ ही हमारी सेना आधुनिक व सशक्त हो रही है।जिससे भारत की और कोई आंख उठाकर न देख सके।उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक नागरिक का सैनिकीकरण आवश्यक हो गया है।अग्निवीर योजना उसी की एक कड़ी है।युवाओ को सेना में भर्ती होना चाहिए जिससे राष्ट्र मजबूत हो। अग्निवीर योजना को सफल बनाना ही कारगिल के शहीद सैनिकों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने युवकों को देश भक्ति की भावना से ओत प्रोत करने पर बल दिया।हमें अपनी भारतीय सेना पर गर्व है जो लोग भारतीय सेना पर सवाल उठाते हैं वह क्षमा योग्य नहीं हो सकते। मुख्य अतिथि आर्य नेता यशोवीर आर्य अध्यक्ष ओम सपरा ने भी शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।उल्लेखनीय है कि यह युद्ध आधिकारिक रूप से 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ। इस युद्ध के दौरान 550 सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और 1400 के करीब घायल हुए थे।

# 'राष्ट्र के प्रति दायित्व' पर गोष्ठी सम्पन्न

### हम राष्ट्र के प्रति निष्ठावान बनें –डॉ. नरेन्द्र आहूजा विवेक




शुक्रवार 21 जुलाई 2023,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में 'राष्ट्र के प्रति दायित्व' विषय पर ऑनलाईन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 559 वां वेबिनार था। वैदिक प्रवक्ता डॉ.नरेन्द्र आहूजा विवेक (पूर्व राज्य औषधि नियंत्रक हरियाणा सरकार) ने कहा कि राष्ट्र माता भारत माता धरती माता से यदि हम केवल लेते रहते हैं और बदले में कुछ नहीं देते हैं तो केवल लेने का स्वार्थ से भरा यह व्यवहार अधिक समय तक नहीं चलता। हमारा अपने राष्ट्र अपनी भारत माता के प्रति दायित्व एवं अपनी मातृ भूमि की सेवा करने का कर्तव्य भी बनता है।यदि हम अपने अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे लेकिन कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करेंगे तो हम कभी अपने अधिकार प्राप्त नहीं कर सकते। अथर्ववेद के मंत्र की व्याख्या करते हुए विवेक ने वेद मंत्र में बताए छरू आवश्यक गुणों को धारण करने का आह्वान किया। महान सत्य,उग्र सत्याचरण,दीक्षा तप कर्तव्य निर्वहन मातृ भूमि सेवा संकल्प आवश्यक हैं। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि हम अपने राष्ट्र के प्रति जागरूक व निष्ठा वान बनें। मुख्य अतिथि आर्य नेता डालेश त्यागी व अध्यक्ष नरेश खन्ना ने कहा कि राष्ट्र सर्वप्रथम है उसके लिए आदर्श नागरिक बन कर कर्तव्य का पालन करें।राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया। गायिका प्रवीणा ठक्कर, रविन्द्र गुप्ता, सुनीता अरोड़ा, जनक अरोड़ा, विजय खुल्लर, कुसुम भण्डारी, सरला बजाज, आदर्श सहगल,रजनी चुग आदि के मधुर भजन हुए।

सम्पादकः **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**, 2199/63,नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली–5 दूरभाष : 41548503 **मो.:** 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी–176–177, कबीर बस्ती, दिल्ली–7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970